# समाहरणालय, सहरसा
## समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS)
(आई०सी०डी०एस० कोषांग)
विकास भवन, सहरसा

हमारा बिहार

फोन :+919431005043, *Email : dpoicdssaharsa2023@gmail.com*

I.C.D.S.

पत्रांक 326-1 /आई०सी०डी०एस० दिनांक 7.3.24

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
सहरसा।

सेवा में,

जिला सूचना–विज्ञान पदाधिकारी
सहरसा।

विषय :– मिशन शक्ति अन्तर्गत वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय, सहरसा के विभिन्न रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन जिले के बेवसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।

प्रसंग :– प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम बिहार पटना के पत्रांक – WCDC/2088/23, दिनांक 26.09.2023।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि मिशन शक्ति अन्तर्गत वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय, सहरसा के विभिन्न रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन, **NIC, Saharsa** के बेवसाईट पर अपलोड किया जाना है। विज्ञापन के साथ आवेदन का विहित प्रपत्र का फॉरमेट एवं रिक्त पदों की सूची संलग्न कर भेजी जा रही है। ऑनलाईन आवेदन दिनांक 23.03.2024 तक किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि रिक्ति विवरणी जिले के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

06/3/2024

जिलाधिकारी
सहरसा।

बिहार सरकार

# समाहरणालय, सहरसा।

(वन स्टॉप सेंटर)

**वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूपः–**

## विज्ञापन संख्या– 03/24

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/2088/23 दिनांक.–26/09/2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर,सहरसा के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्रं0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | कोटि | अधिकतम आयु | मूल मानदेय (कर्मियों को नियमानुसार मुल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनो–सामाजिक परामर्शी (महिलाओं के लिए आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 40 वर्ष | 22,000/– |
| 2. | कंप्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष | 17,000/– |
| 3. | पारा लिगल पर्सनल/अधिवक्ता (अंशकालिक) | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष | 8,000 रूपया समेकित EPF एंव ESIC देय नहीं |
| 4. | पारा मेडिकल पर्सन(अंशकालिक, महिला हेतु आरक्षित ) | 01 | अनारक्षित | 40 वर्ष | 8,000 रूपया समेकित EPF एंव ESIC देय नहीं |
| 5. | बहुउद्देशीय कर्मी/रसोईया | 02 | अतिपिछड़ा (एक पद) | 40 वर्ष | 13,000/– |
| | | | अनुसुचित जाति (एक पद) | 42 वर्ष | |
| 6. | सुरक्षा प्रहरी/नाईट गार्ड | 03 | अनारक्षित (एक पद) | 37 वर्ष, | 13,000/– |
| | | | अतिपिछड़ा (एक पद) | 40 वर्ष | |
| | | | अनुसुचित जाति (एक पद) | 42 वर्ष | |

नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्रारूप जिला वेबसाइट– saharsa.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। रिक्त पदों के विरूद्ध आवेदन दिनांक **23.03.2024** तक ईमेल आई.डी. saharsaosc1@gmail.com पर स्वीकार किया जायेगा।

06/3/2024

जिलाधिकारी,
सहरसा।

# समाहरणालय, सहरसा।

(वन स्टॉप सेंटर)

वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रारूपः–

## विज्ञापन संख्या–03/24

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC/2088/23 दिनांक.–26/09/2023के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, सहरसा के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0सं0 | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता/अहर्ता | कार्य अनुभव एवं प्राथमिकता | पदों की संख्या | कोटि | आयु | मूल मानदेय(कर्मियों को नियमानुसार मुल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनो–सामाजिक परामर्शी(महिलाओं के लिए आरक्षित) | मनोविज्ञान/तंत्रि का विज्ञान(न्यूरो साइंस)में स्नातक | महिला स्वास्थ्य के मुद्दो पर सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/ कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 01 | अनारक्षित | 40 वर्ष | 22,000/– |
| 2. | कंप्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | कंप्यूटर/आई.टी में डिप्लोमा | डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा बेब आधारित रिपोर्टिंग, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/ कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष | 17,000/– |
| 3. | पारा लिगल पर्सनल/अधिवक्ता (अंशकालिक) | कानून में स्नातक। | महिलाओ से संबंधित सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/ कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुकदमे के पैरवी करने का 2 वर्ष का अनुभव | 01 | अनारक्षित | 37 वर्ष | 8,000 रूपया समेकित EPF एंव ESIC देय नहीं |
| 4. | पारा मेडिकल पर्सन(अंशकालिक महिला के अनारक्षित ) | पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री / डिप्लोमा | सरकारी या गैर सरकारी स्वास्थ्य से संबंधित परियोजना/ कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 01 | अनारक्षित | 40 वर्ष | 8,000 रूपया समेकित EPF एंव ESIC देय नहीं |
| 5. | बहुउद्देशीय कर्मी/रसोईया | मैट्रिक | संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 02 | अतिपिछड़ा (एक पद) | 40 वर्ष | 13,000/– |
| | | | | | अनुसुचित जाति (एक पद) | 42 वर्ष | |
| 6. | सुरक्षा प्रहरी/नाईट गार्ड | मैट्रिक | सुरक्षा प्रहरी के रूप में सरकारी या प्रतिष्ठित संस्थान में राज्य या जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। सेना या अर्द्धसैनिक बल से अवकाश प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। | 03 | अनारक्षित (एक पद) | 37 वर्ष | 13,000/– |
| | | | | | अतिपिछड़ा (एक पद) | 40 वर्ष | |
| | | | | | अनुसुचित जाति (एक पद) | 42 वर्ष | |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदको को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमाः– संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगी।
   अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष
   पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष
   अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष
   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी,जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेंटर के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता,कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर का कार्य करने का ज्ञान रखता है, तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।

10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. सरकारी/अर्ध –सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
12. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को सूचना उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाइट saharsa.nic.in पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी प्रकार के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
14. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार,जिलाधिकारी,सहरसा के अधीन है। जिलाधिकारी,सहरसा विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक **23.03.2024** तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए Email- saharsaosc1@gmail.com पर समर्पित करेंगे। प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
16. एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।
17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
18. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओ हेतु नियमित रूप से जिला NIC के वेबसाइट saharsa.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

ह0/–

जिलाधिकारी,
सहरसा।

ज्ञापांक 326-1 /ICDS, Saharsa,दिनांक 7.3.24

प्रतिलिपिः– कार्यपालक /निदेशक/उपसचिव–सह–स्थापना प्रभारी/प्रशासी पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक,महिला एवं बाल विकास निगम,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– आयुक्त कोशी, प्रमंडल, सहरसा को सादर सूचनार्थ।

06/3/2024

जिलाधिकारी,
सहरसा।

# आवेदन –प्रपत्र

विज्ञापन संख्या–**03/24**

| स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. आवेदित पद का नाम – ..................................
2. अभ्यर्थी का नाम......................................................................
3. जन्म तिथि ..........................................................................
4. माता का नाम........................................................................
5. पिता/पति का नाम...................................................................
6. आधार कार्ड नम्बर ..................................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ)......................................................................................................................................................................
8. पत्राचार का पता.............................................................................................................................................................................................................................
9. श्रेणी:– सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

   अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाईल नंबर ......................................................
11. ई–मेल आईडी ......................................................
12. शैक्षणिक विवरणी :– (सभी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्रं0 सं0 | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | | | | | |
| 2. | इंटर | | | | | |
| 3. | स्नातक(प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4. | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5. | पीएचडी/अन्य | | | | | |
| 6. | कम्प्युटर योग्यता | | | | | |
| 7. | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8. | अन्य | | | | | |

1. कार्य अनुभव :– (सभी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र०सं० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

2. संलग्न किये गये कागजतों की सूची:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

**घोषणा:– उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूँगा/रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।**

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर